# धूल के गुबार में बर्बाद हो रही लहलहाती फसलें

## खंडवा-डुल्हार मार्ग निर्माण में नियम ताक पर



धूल से खराब हुई तरबूज की फसल।



खराब हुई फसल संबंध में ज्ञापन सौंपते किसान संघ पदाधिकारी।

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** विकास की अंधी दौड़ और ठेका कंपनी की घोर लापरवाही ने सड़क से सटे अन्नदाताओं की कमर तोड़कर रख दी है। खंडवा-डुल्हार मार्ग के नवीनीकरण के नाम पर उड़ रही भारी धूल और मिट्टी ने क्षेत्र के किसानों के लिए विनाशकारी रूप ले लिया है।

आलम यह है कि खेगांवडा, पांझरिया से लेकर सिरपुर तक के खेतों में बिछी धूल की मोटी परत ने सोने जैसी चमकती फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। किसानों के पसीने की कमाई और मेहनत अब खेतों में ही दम तोड़ती नजर आ रही है। इतना ही नहीं सड़क निर्माण के दौरान उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी के छिड़काव का सख्त नियम है, लेकिन यहां ठेका कंपनी की मनमर्जी के चलते एक बूंद पानी का छिड़काव तक नहीं किया जा रहा है। इस लापरवाही का सीधा खामियाजा उन निर्दोष किसानों को भुगतना पड़ रहा है जिनकी फसलें कटने की कगार पर थीं, लेकिन अब धूल की मार से वे दाने-दाने को मोहताज होने की स्थिति में पहुँच गए हैं। खेतों पर लहलहाती तरबूज, अरबी ओर हरे पत्तेदार सब्जी फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। सफेद चादर बिछी धूल ने फसल की पैदावार को शून्य कर दिया है।

**किसान संघ की चेतावनी: 'मुआवजा दो या आंदोलन झेलो' :**भारतीय किसान संघ ने इस तबाही के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। किसान संघ के प्रांत मंत्री सुभाष पटेल और जिला कोषाध्यक्ष उमेश पटेल सहित अन्य किसान नेताओं ने कहा है कि किसानों की बर्बादी का तमाशा अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर से मांग की है...

- प्रभावित क्षेत्रों का अधिकारी तुरंत दौरा कर बर्बाद हुई फसलों का विस्तृत सर्वे (पंचनामा) कराया जाए।
- पीड़ित किसानों को उनके हुए नुकसान की उचित राहत राशि शासन द्वारा प्रदान की जाए।

किसानों का कहना है कि वे पहले ही आर्थिक तंगी और ऋण अदायगी के दबाव में हैं, ऐसे में ठेकेदार की लापरवाही ने उन्हें और परेशानी में धकेल दिया है। यदि समय रहते सर्वे कर उचित भुगतान नहीं किया गया तो तो बात आंदोलन तक पहुंचेगी।

# मंत्री डॉ. विजय शाह ने ग्राम लंगोटी में किया श्रमदान





**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** विश्व जल दिवस के अवसर पर 'जल संचय जनभागीदारी- 2.0' और 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत खालवा विकासखंड के ग्राम लंगोटी में सामूहिक श्रमदान का भव्य आयोजन किया गया। रविवार शाम आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्वयं श्रमदान कर जल संरचनाओं के निर्माण में हाथ बंटाया। इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन गौड़ा, हरसूद एसडीएम आरसी खतेडिया और खालवा जनपद सीईओ आरएल कनासे सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है और इसके बिना भविष्य की कल्पना करना असंभव है। उन्होंने 'जल है तो कल है' का मंत्र देते हुए उपस्थित जनसमूह को जल की एक-एक बूंद बचाने और जल संरक्षण के प्रयासों में सदैव सहभागी रहने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जल ही जीवन है' यह केवल एक नारा नहीं बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार है जिसे हम सबको आत्मसात करना होगा। डॉ. शाह ने विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीणों से अपनी जल संरचनाओं के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल संरक्षण के क्षेत्र में खंडवा जिला देश और प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस वर्ष भी जिले के सभी विकासखंडों में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं ताकि जल संकट का स्थाई समाधान किया जा सके। कार्यक्रम में खालवा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनता रामप्रसाद कवडे और उपाध्यक्ष श्रीमती सती किशोर पाटिल सहित अन्य अधिकारियों ने भी जल संवर्धन की दिशा में सामूहिक प्रयासों की सराहना की। सामूहिक श्रमदान के इस अभियान ने न केवल जल संरचनाओं के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि जनभागीदारी के जरिए पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश भी दिया।

## एक नजर में

### भूकंपपूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम 25 को

**खंडवा।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में भूकंपपूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम के तहत जिलास्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला आगामी 25 मार्च को गौरीकुंज सभागृह में आयोजित की जाएगी |होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री आशीष कुशवाह ने बताया कि इस कार्यशाला में हायर सेकेंडरी स्कूलों, आईटीआई और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भूकंपपूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्द्धन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### अधिवक्ता नीलेश कौशल बने प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी



**नया हरसूद।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस टीम में हरसूद के सक्रिय अधिवक्ता नीलेश कौशल को प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। नियुक्ति के बाद नीलेश कौशल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री विजय शाह और केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। इस उपलब्धि पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष सोनी, वरिष्ठ नेता संतोष सिटोके, गौरीशंकर टाले सहित भावेश नागड़ा, राम पंवार और अन्य साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठजनों का मानना है कि नीलेश कौशल के अनुभव का लाभ पूरे प्रदेश के पिछड़ा वर्ग मोर्चे को मिलेगा।

### ध्यान और सत्संग की सरिता में डूबे साधक



**खंडवा।** समर्थगुरुधारा मैत्री संघ द्वारा आयोजित 'ओशो संबोधि उत्सव' शनिवार को शहर में आध्यात्मिक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। राज्य संयोजिका सीमा मां के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधकों ने ध्यान, सत्संग और उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संयोजक स्वामी तथागत प्रवीण द्वारा हनुमान जी और भगवान शंकर की आरती के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात ओशो की अमृतवाणी के माध्यम से 'संबोधि' के गहन रहस्यों पर चर्चा हुई। स्वामी आनंद देव ने बोधकथाओं के जरिए समझाया कि संबोधि स्वयं को जानने की एक सरल प्रक्रिया है। अपने संबोधन में स्वामी तथागत प्रवीण ने कहा, 'संबोधि कोई बाहरी चमत्कार नहीं, बल्कि जागरूक जीवन की वह अवस्था है जब व्यक्ति अपने भीतर की शांति से साक्षात्कार करता है।' उन्होंने साधकों से नियमित ध्यान और जागरूकता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर साधकों ने 'सोहम ध्यान विधि' का सामूहिक अभ्यास किया, जिससे कार्यक्रम स्थल पर अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन में सुभाष दुबे, नरेंद्र राठौर, नरेंद्र सोलंकी, दीपक पगारे, हर्षा शर्मा, प्रज्ञा चाकरे सहित अनेक गणमान्य साधक उपस्थित रहे। अंत में सामूहिक उद्घोष और स्वल्पाहार के साथ अहोभाव प्रकट करते हुए इस दिव्य उत्सव का समापन हुआ।

### गर्ल फ्रेंड से बात करने पर विवाद में मारपीट

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में महिला मित्र से बातचीत को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. युवकों के एक समूह ने छात्र और उसके साथियों के साथ पहले तो मारपीट की, फिर तेज रफ्तार कार से टक्कर मारकर दो युवकों को घायल कर दिया. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना देर रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच होल्कर कॉलेज के मेन गेट के सामने सर्विस रोड पर हुई. खंडवा नाका स्थित गणेश नगर में रहने वाले 19 वर्षीय फरियादी प्रियम द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वरुण त्यागी अपने साथियों के साथ आया और महिला मित्र से बातचीत को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा. कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ बिना नंबर की स्कॉर्पियो और स्कूटी से वापस आया और प्रियम सहित उसके दोस्तों कृष्णपाल, राज पटेल, आकाश बघेल और आनंद विश्वकर्मा के साथ लात-घूंसे से मारपीट की. इसी दौरान एक आरोपी ने लापरवाही से कार चलाते हुए कृष्णपाल पटेल को टक्कर मार दी, जिससे वह और ओम गुप्ता घायल हो गए. पुलिस ने मुख्य आरोपी वरुण त्यागी सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## ई-टोकन सिस्टम संबंधी प्रशिक्षण आज

**खंडवा।** प्रदेश में किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण के उद्देश्य से ई-विकास अर्थात वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान प्रणाली लागू की गई है। इस 'ई-विकास' प्रणाली एवं 'ई-टोकन' जनरेशन सिस्टम के संबंध में पटवारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, कृषि विस्तार अधिकारी, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति और विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्र प्रभारियो को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपसंचालक कृषि ने बताया कि यह प्रशिक्षण 23 मार्च को हरसूद में प्रात 11:30 बजे से बलड़ी में दोपहर 2:30 बजे से तथा पुनासा में अपरान्ह 4.30 बजे से संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

# जल स्रोत और पेड़ों का पूजन कर मनाया जल दिवस




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** विश्व जल दिवस अवसर पर नवांकुर संस्था निक्की वेलफेयर सोशल सर्विस सोसाइटी द्वारा खंडवा के एसएन कॉलेज में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को जल के महत्व, उसके संरक्षण एवं सदुपयोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि 'जल ही जीवन है' और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल एवं विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार ने अपने संबोधन में बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के प्रथम चरण के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि, वृक्ष एवं जल स्रोतों का पूजन, मानस पाठ, भजन संध्या, संकीर्तन, आरती, दीपमाला एवं देवगीत जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को जल संरक्षण के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इन सभी कार्यक्रमों का संचालन प्रत्येक विकासखंड में नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से प्रभावी रूप से किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। सभी उपस्थित जनों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और प्राचीन मंदिर श्री भूतेश्वर महादेव के दर्शन कर कुएं एवम वट वृक्ष का पूजन किया। कार्यक्रम में संस्था से डॉ निकिता नागोरी, रोशनी झा, जन अभियान परिषद के मेंटर राहुल राठवे, मयंक राठौर, प्रीति गीते, आशीष पटेल एवम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण फरकले सहित एम एस डब्ल्यू एवं बी एस डब्ल्यू समाजकार्य के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## देवी भागवत कथा में बुजुर्गों का सम्मान



**खंडवा।** नवरात्रि में देवी भागवत कथा का आयोजन शीतला माता मंदिर जसवाड़ी रोड़ पर आयोजित किया जा रहा है. कथा पंडित राकेश तिवारी द्वारा की जा रही है. पंचम दिवस महिषासुर वध की कथा होगी।

कथा प्रसंग के चतुर्थ दिवस का वर्णन करते हुए पंडित राकेश तिवारी ने भगवती के मणिदीप और माता भुवनेश्वरी बीज मंत्रौ की महिमा की कथा का विस्तार किया. उन्होंने कहा भगवती के बीज मंत्र के बारे में बताया. माता की शक्ति अनंत है। संपूर्ण संसार की चेतना जो दुर्ग की रक्षा करने वाली दुर्गा है उसकी समस्त शक्ति यथा ब्रह्मांड तथा पिंड के अंतर्गत इस शरीर में निवासरत है. आज कथा में शीतला माता मंदिर कथा समिति के द्वारा वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत पांडे के द्वारा किया आचार्य श्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की जो लोग पितरों के लिए कुछ करना चाहते हैं वह इन वृद्ध जनों के लिए कुछ करके पुण्य लाभ कमा सकते हैं।

## सिंधी सेवा मंडली की चुनावी प्रक्रिया होगी शुरू



**खंडवा।** सिंधी सेवा मंडली की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा है। नवीन सत्र हेतु कार्यकारिणी का पुनर्गठन जल्द ही होगा।

सिंधी सेवा मंडली प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि उक्त निर्णय साधारण सभा में लिया गया। सचिव संजय सभनानी ने विगत वर्ष की आय व्यय का विस्तृत ब्यौरा सभा पटल पर रखा। गोपालदास पमनानी ने कहा कि संस्था का पुनर्गठन एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए। अनिल आरतानी ने कहा कि कार्यक्षमता में अभिवृद्धि के लिए प्रक्रिया जरूरी है। सचिव संजय सभनानी ने सदस्यों को बताया कि 25-26 मार्च को कार्यालयीन समय में सादे कागज पर आवेदन दिए जा सकेंगे। 27 मार्च को नाम वापस लिए जा सकेंगे।आवश्यकता पड़ने पर 31 मार्च को चुनाव होगा। प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि एक अध्यक्ष,दो उपाध्यक्ष,एक सचिव,एक सह सचिव और एक कोषाध्यक्ष कुल 6 पदों के लिए प्रक्रिया होगी। बैठक में मेठाराम पिंजानी, गोपालदास पमनानी, मोहन दीवान, शंकरलाल आसवानी, किशोर पिंजानी, अनिल आरतानी, प्रकाश आहूजा, जयरामदास खेमानी,संजय सभनानी, हरीश कुमार संतवानी, राजेश परचानी, घनश्याम वाधवा, राम वासवानी, मनोज गेलानी, मनोहरलाल संतवानी आदि उपस्थित रहे।

## घनश्याम वाधवा 'लायन्स इंटरनेशनल पिन' से सम्मानित




**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन से संबद्ध लायन्स क्लब खंडवा के प्रथम उपाध्यक्ष लायन घनश्याम वाधवा को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण के लिए 'लायन्स इंटरनेशनल पिन' से सम्मानित किया गया। हाल ही में आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस 'श्रेय अलंकरण' समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर लायन नारायण बाहेती ने कहा कि घनश्याम वाधवा केवल पद का दायित्व ही नहीं निभा रहे, बल्कि सेवा की भावना को भी साकार कर रहे हैं। उनका यह सम्मान क्लब के सभी सदस्यों के लिए प्रेरणादायक है। वहीं रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय ने कहा कि वाधवा के नेतृत्व में लायन्स क्लब खंडवा ने सेवा कार्यों में नए आयाम स्थापित किए हैं और इंटरनेशनल पिन मिलना उनके कार्यों की व्यापक पहचान का प्रमाण है।

लायन घनश्याम वाधवा लंबे समय से स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सम्मान मिलने पर उन्होंने इसे क्लब की पूरी टीम और वरिष्ठों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, पहले दिन 250 प्रशिक्षु शामिल



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित बगीचा ग्राउंड में रविवार सुबह पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सिंधी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, मातृशक्ति एवं हनुमानगढ़ अखाड़ा के युवाओं की उपस्थिति में हुआ। शिविर के पहले दिन ही 250 से अधिक प्रशिक्षुओं ने पंजीयन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उद्घाटन सत्र में श्री पूज्य सिंधी पंचायत एवं सेवा मंडली के अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी, समाजसेवी डॉ. दिलीप हिंदूजा, लायन घनश्याम वाधवा, पार्षद शकाजल सोनू लालवानी, शिक्षिका रानी खेमानी, कोमल होतवानी, शेखर चंदवानी, टिम्मू चंचलानी और कन्हैयालाल सहजवानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

हनुमानगढ़ अखाड़ा के संचालक मनीष कुमार मलानी एवं अमित वैणानी ने बताया कि वर्तमान समय में माताओं, बहनों और युवाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। शिविर में विश्व रिकॉर्ड होल्डर प्रशिक्षक बलवंत सिंह देवड़ा द्वारा प्रतिभागियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

22 से 26 मार्च तक चलने वाले इस शिविर में प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे और शाम 5 से 7 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में युवा टोली सक्रिय भूमिका निभा रही है।